हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 धनतेरस पर आभूषणों, इलेक्ट्रॉनिक्स और बर्तन की दुकानों पर...



09 अमानक सामग्री से उप स्वास्थ्य का केंद्र निर्माण, डस्ट से चुनाई के बाद...



खबर संक्षेप

राजस्व मंत्री आज सोहनखेड़ा आएंगे

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे भोपाल से सीहोर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 1 बजे इछावर तहसील के ग्राम सोहनखेड़ा पहुंचकर धनतेरस के अवसर पर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के तहत पात्र परिवारों के शत-प्रतिशत पंजीयन की कार्यवाही अपनी उपस्थिति में पूर्ण कराएंगे।

कलेक्टर ने जारी किए दिशा-निर्देश

सीहोर। दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होनें सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं नगरीय निकायों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार दीपावली पर रात 8 से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे जैसे फुलजड़ी, अनार व मेरून चलाने की अनुमति केवल उन्हीं शहरों में होगी जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एआईक्यू) मध्यम या उससे बेहतर श्रेणी में है। संवेदनशील क्षेत्रों जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थानों एवं धार्मिक स्थलों के 100 मीटर के दायरे में पटाखे चलाना प्रतिबंधित रहेगा। ग्रीन पटाखों पर निर्धारित लॉगो होना अनिवार्य है। पटाखों में बेरियम सॉल्ट जैसे प्रतिबंधित रसायनों का उपयोग, लड़ियों का निर्माण एवं बिक्री तथा ऑनलाइन पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। पटाखों से उत्पन्न ध्वनि का स्तर भी निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए।

धनतेरस आज, बाजारों में होगी धनवर्षा, व्यापारियों ने सजाईं दुकानें

शहर के सर्राफा, गांधी रोड, मेन रोड और बड़ा बाजार में उमड़ेगी खरीदारों की भीड़

मॉल और ऑनलाइन शॉपिंग के दौर में भी पारंपरिक सजावटी सामान, दीये और पूजा सामग्री की दुकानों पर दिखेगी रौनक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कार्तिक मास की पावन तिथियों के साथ ही आज से पांच दिवसीय दीपोत्सव का भव्य आगाज हो चुका है। महापर्व के पहले दिन यानी धनतेरस पर आज जिले भर के बाजारों में भारी चहल-पहल और धनवर्षा होगी। जिला मुख्यालय के गांधी रोड, सर्राफा बाजार, मेन रोड, बड़ा बाजार और नमक चौराहा क्षेत्र में व्यापारियों ने अपनी दुकानें पूरी तरह सजा ली हैं। दुकानदारों ने अच्छी ग्राहकी की उम्मीद जताई है।

बता दें मॉल संस्कृति और ऑनलाइन शॉपिंग की वजह से मुख्य बाजारों की खरीदारी के पैटर्न में बदलाव आया है और सोने-चांदी के भाव भी रिकॉर्ड स्तर पर हैं, फिर भी धनतेरस की शुभ परंपराओं को निभाने के लिए नागरिकों का उत्साह देखने को मिलेगा। सक्षम परिवार जहां सर्राफा बाजार में आभूषणों की बुकिंग और खरीदारी के लिए पहुंचेंगे, वहीं आम लोग अपनी जरूरत और क्षमता के अनुसार बर्तन बाजार की ओर रुख करेंगे।

व्यापारियों के खिलेंगे चेहरे

दीपावली के इस पावन पर्व पर शहर के छोटे दुकानदारों और पथ विक्रेताओं में विशेष उत्साह है। मिट्टी के दीये, रूई, लक्ष्मी जी के पाने, कंदील, तोरण और सजावटी सामान की दुकानों पर अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। ग्रामीण परिवेश और किसान भाइयों की जरूरतों को देखते हुए नमक चौराहा क्षेत्र में पशुओं के सजावटी सामान, घूंघरू और मालाओं की दुकानें सज गई हैं। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी आज भारी उछाल देखने को मिलेगा। दो-पहिया और चार-पहिया वाहनों के शोरूम्स दीपोत्सव के लिए सज गए हैं।

बाजार में वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित

बाजार में उमडऩे वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। मेन रोड पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। भीड़ का दबाव बढऩे पर दो-पहिया वाहनों की एंट्री भी बंद की जाएगी ताकि पैदल खरीदारी करने आए नागरिकों को कोई असुविधा न हो।

जाने दीपोत्सव के सटीक शुभ मुहूर्त

बालाजी ज्योतिष अनुसंधान एवं परामर्श केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित सौरभ गणेश शर्मा ने पंचांग के अनुसार धनतेरस से लेकर महालक्ष्मी पूजन तक के मुहूर्त साझा किए हैं। पंडित सौरभ शर्मा के अनुसार आज भगवान धन्वंतरि धन के देवता कुबेर और माता लक्ष्मी का पूजन किया जाएगा। इस दिन धातु, बर्तन, सोने-चांदी और वाहनों की खरीदारी अत्यंत समृद्धिदायक मानी जाती है। त्रयोदशी तिथि प्रारंभ 6 नवंबर सुबह 10.30 बजे से आरंभ होगी, जबकि 7 नवंबर सुबह 10.47 बजे समापन।

धनतेरस पूजा-खरीदी मुहूर्त

शाम 06.02 बजे से रात 07.57 बजे तक, प्रदोष काल शाम 05.33 बजे से रात 08.09 बजे तक, खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त अभिजीत शुभ समय सुबह 11.36 बजे से दोपहर 12.24 बजे तक, संध्याकालीन मुहूर्त शाम 06.19 बजे से रात 08.17 बजे तक रहेगा। दीपोत्सव का मुख्य त्योहार



कार्तिक अमावस्या तिथि को मनाया जाएगा। पंडित शर्मा के अनुसार गृहस्थों और व्यापारियों दोनों के लिए प्रदोष काल और स्थिर वृषभ लग्न में लक्ष्मी पूजन करना सर्वोत्तम और फलदायी होता है, जिससे घर में सुख-समृद्धि का स्थायी वास बना रहता है। अमावस्या तिथि 8 नवंबर सुबह 11.27 बजे से प्रारंभ होगी, लक्ष्मी पूजन का मुख्य मुहूर्त शाम 05.54 बजे से रात 07.50 बजे तक, प्रदोष काल शाम 05.31 बजे से रात 08.09 बजे तक, महानिशीथ पूजा मध्यरात्रि 11.39 बजे से 12.31 बजे तक 9 नवंबर की मध्यरात्रि तक है।

ड्रग्स माफिया और अवैध शराब के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करें: संभाग आयुक्त

कार्रवाई और अभियान चलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भोपाल संभाग में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संभाग आयुक्त श्री कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस आयुक्त भोपाल संजय कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीहोर जिले से कलेक्टर बालागुरू के., अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना तथा संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में संभाग आयुक्त शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्रग्स माफिया, नशे के अवैध कारोबार और अवैध शराब के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने के लिए सुनियोजित रणनीति तैयार कर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए। अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों और संगठित गिरोहों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खाद्य पदार्थों में मिलावट, कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि बाजारों, दुकानों, खाद्य प्रतिष्ठानों व गोदामों का सतत निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करें।

मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय करने वालों तथा आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी, अनियमितताओं में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। आम नागरिकों को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, इस कार्य में लापरवाही न बरते। संभाग आयुक्त ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन और पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अपराधों की रोकथाम, संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी जिलों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने पुलिस व प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित जांच और विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया। बैठक में शैक्षणिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विशेष गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए। संभाग आयुक्त ने कहा कि स्कूलों एवं कॉलेजों के साथ-साथ छात्रावासों में भी नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके लिए छात्रावासों में अभिभावक की भूमिका निभाने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों को नामांकित कर विद्यार्थियों की गतिविधियों पर ध्यान देने और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। सड़क सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी निर्देश दिए गए।

पूर्व विधायक शंकरलाल साबू के पोते शुभम की एआई पोस्ट को एलन मस्क ने किया रीपोस्ट

दुनिया के सबसे अमीर टेक उद्योगपति एलन मस्क ने लगातार दूसरी बार शुभम साबू की पोस्ट सोशल मीडिया पर की साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश के छोटे से शहर सीहोर के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच से एक बेहद गौरवशाली खबर सामने आई है। (एआई) के क्षेत्र में दुनियाभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे भारतीय मूल के युवा तकनीकी विशेषज्ञ शुभम साबू एक बार फिर वैश्विक सुर्खियों में हैं। टेस्ला, स्पेसएक्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के प्रमुख एलन मस्क ने शुभम साबू के तकनीकी विचारों से प्रभावित होकर उनकी पोस्ट को एक बार फिर अपने आधिकारिक अकाउंट से साझा किया है। बता दें कि शुभम साबू सीहोर के पूर्व विधायक स्वर्गीय शंकरलाल साबू के पोते और समाज सेवी सुरेश साबू के सुपुत्र हैं। शुभम साबू ने हाल ही में एलन मस्क की एआई कंपनी द्वारा विकसित ग्रोक बॉट का उपयोग करने के बाद अपने अनुभव साझा किए थे। उन्होंने लिखा था कि एक पर्सनल एआई एजेंट के रूप में ग्रोक बॉट उन्हें बाजार में उपलब्ध अन्य विकल्पों की तुलना में बेहद सटीक और बेहतर लग रहा है। शुभम की इस समीक्षा को एलन मस्क ने तुरंत पसंद किया और अपने अकाउंट से रीपोस्ट करते हुए लिखा, ग्रोक बॉट का इस्तेमाल करके देखें। मस्क के रीपोस्ट करते ही यह पोस्ट इंटरनेट पर वायरल हो गई, इसे 3 लाख 40 हजार से अधिक व्यूज मिल चुके हैं।

कुछ ही दिन में दूसरी बार एलन मस्क ने दिखाई दिलचस्पी

यह कोई पहला मौका नहीं है जब एलन मस्क सीहोर के इस युवा वैज्ञानिक के फैन हुए हों। इससे कुछ ही दिनों पहले मस्क ने शुभम की एक और पोस्ट रीपोस्ट की थी, जो गूगल के प्रोजेक्ट सनकैचर और अंतरिक्ष में एआई कंप्यूटिंग से जुड़ी तकनीक पर आधारित थी। उस पोस्ट को भी दुनिया भर में 5 लाख से अधिक लोगों ने देखा था। एक महीने के भीतर दुनिया के सबसे बड़े उद्योगपति द्वारा दो बार विचार साझा किया जाना शुभम साबू की तकनीकी समझ और वैश्विक पहचान को स्थापित करता है। शुभम साबू वर्तमान में अमेरिका में टेक दिग्गज गूगल क्लाउड में सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। वे आधुनिक एआई एजेंट्स और जनरेटिव एआई के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही वे टेक दुनिया के सबसे लोकप्रिय ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट्स में शामिल शानदार एलएलएम एप्स के निर्माता भी हैं, जिसे विश्व प्रसिद्ध प्लेटफॉर्म गिटहब पर 1 लाख 40 हजार से अधिक स्टार्स मिल चुके हैं।

योग वेदांत सेवा समिति ने दिया मांग का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक वृद्ध एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति के जीवन, स्वास्थ्य, उपचार और मानवीय गरिमा एवं संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा तथा माननीय न्यायालयों के आदेशों के प्रभावी अनुपालन के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर योग वेदांत सेवा समिति संत आसाराम बापू आश्रम अध्यक्ष केके विश्वकर्मा के नेतृत्व में सेवादारों कार्यकर्ताओं सैकड़ो श्रद्धालुओ नागरिकों ने डिप्टी कलेक्टर गिरराज परिहार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन दिया।

योग वेदांत सेवा समिति ने कहा कि केंद्रीय कारागृह, जोधपुर में निरुद्ध 87 वर्षीय वयोवृद्ध संत आशाराम बापू की गंभीर एवं बिगड़ती स्वास्थ्य-स्थिति को देखते हुए माननीय न्यायालयों के आदेशों के अनुरूप आरोग्यम् हॉस्पिटल, जोधपुर में तत्काल उपचार एवं भर्ती की व्यवस्था हेतु तथा जेल में उन्हें आवश्यक चिकित्सा व बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने जाने की मांग की गई है।

संत आशाराम बापू लगभग 87 वर्ष की आयु में पिछले लगभग 13 वर्षों से जोधपुर केंद्रीय कारागार में निरुद्ध हैं। वे अनेक गंभीर एवं दीर्घकालिक रोगों से पीड़ित हैं। उनकी वर्तमान स्वास्थ्य-स्थिति, हाल में हुए गंभीर हृदयाघात, चिकित्सकों की सलाह तथा कारागार में उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा एवं दैनिक सुविधाओं को लेकर उनके परिजनों, अनुयायियों और शुभचिंतकों में गहरी चिंता व्याप्त है। ज्ञापन देने वालों में के के विश्वकर्मा,अभिषेक पांडे,अरुण देवड़ा, अशोक गोयल, महेश प्रजापति, हरीश प्रजापति, कैलाश प्रजापति . योगेंद्रसिंह परिहार, मुकेश मेवाड़ा विजेंद्रसिंह, कुमेरसिंह जी मालवीय, राधेश्याम वर्मा, मुकेश परमार, अभिषेक पांडे, अंकित भाटी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

अग्रसोच सोशल फाउंडेशन ने बांटी दिव्यांग बच्चों के साथ खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दीपावली पर हर घर में दीप जलते हैं, हर आंगन रोशनी से सजता है और हर परिवार खुशियां मनाता है, लेकिन जब किसी ऐसे चेहरे पर मुस्कान खिलती है, जिसकी खुशी के लिए हम कुछ पल निकालते हैं, तब त्योहार का वास्तविक अर्थ समझ में आता है। कभी-कभी किसी को दिया गया छोटा-सा उपहार उसके लिए पूरी दुनिया की खुशी बन जाता है। कुछ ऐसी ही खुशियों, स्नेह और अपनत्व से भरी दीपावली गुरुवार को कोलीपुरा के समीप स्थित वसुंधरा विशेष विद्यालय में देखने को मिली, जहां अग्रसोच सोशल फाउंडेशन (पंजी.), सीहोर ने दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाकर उनके जीवन में खुशियों के रंग भरने का प्रयास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुतियों पर गूंजती तालियां केवल उनके प्रदर्शन की सराहना नहीं थीं, बल्कि उनकी प्रतिभा और हौसले को मिला सम्मान भी थीं। बच्चों के चेहरों पर उत्साह देखते ही बन रहा था। उनके लिए यह दिन कुछ अलग था। विद्यालय का वातावरण गीत, संगीत, तालियों और खिलखिलाहट से भर गया। उनकी आंखों में चमक और चेहरे पर प्रसन्नता देखकर उपस्थित लोगों के चेहरे भी खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार बलजीत सिंह ठाकुर रहे। विशेष अतिथि के रूप में अखिलेश गुप्ता, पंडित शैलेश तिवारी, तेज सिंह ठाकुर, ए.आर. शेख मुंशी, समाजसेवी नरेंद्र गोस्वामी, राधेश्याम शर्मा, उमर परवेज, प्रमोद गौतम, सीमा सक्सेना एवं अनीता गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बलजीत सिंह ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने अग्रसोच सोशल फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ त्योहार मनाना समाज में संवेदनशीलता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाला कार्य है। ऐसे प्रयास बच्चों का उत्साह बढ़ाने के साथ समाज को भी सकारात्मक संदेश देते हैं।

आज से मनाया जाएगा कुबेरेश्वरधाम में दीपावली महोत्सव जगमगाएंगे हजारों दीप

धाम पर बाबा कुबेर भंडारी का अभिषेक और खजाना पूजा होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में दीपावली का पर्व इस वर्ष भी आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शुक्रवार को धनतेरस पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा शनिवार को छोटी दीपावली, रविवार को लक्ष्मी कुबेर पूजा के अलावा सोमवार को गोवर्धन पूजन आदि का आयोजन किया जाएगा। दीपोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर हजारों दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। वहीं, आगामी 8 नवंबर को बाबा कुबेर भंडारी का अभिषेक-पूजन और खजाना पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। पर्व को लेकर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति और श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की गई हैं। दीपावली के मद्देनजर मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। दीप पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मिट्टी की कला और पारंपरिक दीपों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में हजारों श्रद्धालु धाम पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित करते हैं। इस वर्ष भी दीपोत्सव को विशेष बनाने की तैयारियां चल रही हैं। कार्तिक मास में कुबेरेश्वरधाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है। दीपावली के साथ रूप चौदस, गोवर्धन पूजा और भाई-दूज सहित पांच दिवसीय दीप पर्व पर विशेष पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियां होंगी। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर आगामी दिनों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। अन्नकूट सनातन धर्म की महत्वपूर्ण परंपराओं में से एक है। इसे गोवर्धन पूजा से भी जोड़कर देखा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को 56 अथवा 108 प्रकार के पकवानों का भोग अर्पित किया जाता है। विभिन्न व्यंजनों से आकर्षक आकृतियां बनाकर भोग सजाया जाता है, जिसे अन्नकूट कहा जाता है। उन्होंने बताया कि कुबेरेश्वरधाम में संचालित विशाल भोजनशाला में आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई जाती है। दीपावली और अन्नकूट महोत्सव के दौरान भी सेवा और भक्ति की इसी परंपरा के साथ श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। दीपों की जगमगाहट, विशेष पूजन और अन्नकूट महोत्सव के माध्यम से कुबेरेश्वरधाम में दीप पर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा।

फैथ क्रिकेट क्लब ने लेपर्ड भोपाल को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के पांचवें दिन क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। फैथ क्रिकेट क्लब और लेपर्ड भोपाल के बीच खेला गया मैच निर्धारित 20 ओवर में बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद मुकाबले का फैसला सुपर ओवर से हुआ। सुपर ओवर में फैथ क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में यह दूसरा मुकाबला रहा, जिसका निर्णय सुपर ओवर से हुआ। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में निखिल जूनियर ने बीसीए भोपाल को 43 रन से पराजित किया। गुरुवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी लेपर्ड भोपाल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। टीम की ओर से अखिल यादव ने 47 रन, अंकुश सिंह ने 34 और गौरंग ने 33 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। फैथ क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए त्रिपुरेश और अखिल ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि संदीप, पृथ्वीराज सिंह, ऋषि और वेदांश व्यास को 1-1 विकेट मिला। 155 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फैथ क्रिकेट क्लब की टीम ने भी निर्धारित 20 ओवर में 155 रन बनाकर मुकाबला बराबरी पर समाप्त किया।

खबर संक्षेप

तीन आबकारी आरक्षकों को किया निलंबित

देवास। अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखने एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर नेहा मीना ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के अंतर्गत आबकारी वृत्त देवास (स) में पदस्थ आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक टटवाड़े, आबकारी मुख्य आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल तथा आबकारी मुख्य आरक्षक गजेन्द्र सिंह चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला देवास निर्धारित किया गया है।

आबकारी विभाग ने कार्रवाई की

देवास। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा गठित आबकारी दलों ने देवास शहर में संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग कर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 2800 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस संबंध में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 87 हजार रुपए है।

दीपोत्सव की रौनक से गुलजार हुआ बाजार, सामग्री खरीदने उमड़े लोग

धनतेरस पर आभूषणों, इलेक्ट्रॉनिक्स और बर्तन की दुकानों पर जमकर हुई खरीदी





दीपावली की तैयारियों को लेकर बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस के साथ ही नगर सहित ग्रामीण अंचलों के बाजारों में रौनक छा गई है। दीपावली की तैयारियों को लेकर बाजारों में सुबह से शाम तक ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरों की सजावट के सामान की दुकानों पर लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। धनतेरस पर शुभ खरीदारी को लेकर व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है। वहीं इस बार बाजारों में ग्रामीण परंपराओं की झलक भी देखने को मिल रही है। किसान अपने पशुधन यानी गायों और बैलों को सजाने के लिए श्रृंगार सामग्री खरीद रहे हैं।

पशुओं के सींगों पर लगाने के लिए रंग, गले में बांधने वाली घंटियां, कौड़ियों की माला, रंग-बिरंगे फुंदे, मोरखा, रस्सियां और सजावटी पट्टों की दुकानों पर ग्रामीणों की भीड़ दिखाई दे रही है। दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा और खेड़ा पर्व पर किसान अपने पशुधन को सजाकर उनकी पूजा करते हैं। खेती-किसानी में गाय और बैलों का विशेष महत्व होने के कारण किसान इस परंपरा को आज भी पूरे उत्साह से निभा रहे हैं। ग्रामीणों के लिए पशुधन केवल कमाई का साधन नहीं, बल्कि परिवार और खेती का अहम हिस्सा है। इधर, घरों को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीये खरीदने भी लोग बाजार पहुंच रहे हैं। कुम्हार परिवार कई दिनों से अलग-अलग आकार और डिजाइन के दीये तैयार करने में जुटे हैं।

दीयों की बिक्री से स्थानीय कारीगरों को भी रोजगार मिल रहा है। बाजार में दीपावली की सजावट, मिठाई और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की चहल-पहल बनी हुई है। दूसरी ओर नगर के दशहरा मैदान में पटाखा बाजार भी पूरी तरह सजकर तैयार हो गया है। इस बार एसडीएम सुधीर कुशवाह के सख्त निर्देशों के बाद पटाखा दुकानों को सुरक्षा नियमों के अनुसार टीन शेड से तैयार दुकानें लगाई गई है। प्रशासन ने दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। दुकानों पर आग से बचाव के लिए रेत, पानी और अग्निशमन की व्यवस्था रखी गई है।

साथ ही प्रत्येक दुकान पर वैध लाइसेंस की प्रतियां चस्पा कराई गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के बीच ग्राहकों ने पटाखों की खरीदारी भी शुरू कर दी है। बाजार में बच्चों के लिए फुलझड़ी, चकरी और छोटे पटाखों से लेकर युवाओं और बड़ों की पसंद के अलग-अलग फैंसी पटाखे उपलब्ध हैं। प्रशासन का प्रयास है कि त्योहार के दौरान खरीदारी के बीच सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। दीपावली के चलते बाजारों में बढ़ी भीड़ से छोटे-बड़े व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दे रही है। रोशनी, खरीदारी और ग्रामीण परंपराओं के संग भैरुंदा में दीपोत्सव का उत्साह अब पूरे चरम पर पहुंचने लगा है।

तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे बैठे गोवंश को कुचला

पांच की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गोपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नगर में बुधवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे बैठी गोवंश को कुचल दिया। हादसे में पांच गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

मौजूद ग्रामीणों ने डंपर को रोक लिया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोपालपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर थाने ले गई। ग्राम कोटवार की शिकायत पर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बड़नगर के कोटवार रामहेत पिता जगराम नागर (45) ने घटना की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर की रात करीब 9 बजे वह गांव के बस स्टैंड मोड़ पर दुर्गेश प्रजापति, अंकित विश्वकर्मा और संजय चौहान के साथ बैठे हुए थे। इसी दौरान कुछ गायें सड़क किनारे बैठी थीं। रात करीब 10:30 बजे भैरुंदा की ओर से गोपालपुर की तरफ रेत से भरा सफेद-नीले रंग का डंपर एमपी 09 एके 5327 तेज रफ्तार से आया। चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी गोवंश को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पांच गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने डंपर को मौके पर ही रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर वाहन को जब्त किया और घायल गोवंश के उपचार की व्यवस्था कराई। पुलिस ने कोटवार की शिकायत और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है । गोपालपुर थाने के एसआई लवेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी।

डंपर और चालक को कब्जे में लेकर थाना गोपालपुर लाया गया है। इस घटना ने एक बार फिर गांवों से गुजरने वाले भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों के रास्तों पर भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण होना चाहिए, ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर द्वारा संचालित सुरक्षित बचपन अभियान–मेरा बचपन, मेरा अधिकार'' के अंतर्गत नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल , महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंडी क्षेत्र के सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय सीएम राइज विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल विवाह की रोकथाम, बाल शोषण से बचाव तथा सुरक्षित बचपन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुराग सिंह कुशवाह एवं न्यायाधीश अरविंद सिंह गुर्जर द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में फारूक अहमद सिद्दीकी, साइबर सेल से सुशील साल्वे तथा विद्यालय संचालक शुभम त्यागी की सहभागिता रही। कार्यक्रम की उप-थीम सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपन के अंतर्गत विद्यार्थियों को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराधों तथा डिजिटल माध्यमों पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसी दिन महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुराग सिंह कुशवाह एवं प्रशिक्षु न्यायाधीश कु. नंदिनी पटेल द्वारा विद्यार्थियों को बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य वर्षा राठौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की उप-थीम बोलो, बताओ, बचाओ के माध्यम से बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न अथवा असुरक्षित परिस्थिति का सामना होने पर बिना संकोच अपनी बात कहने, विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी देने तथा समय पर सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुराग सिंह कुशवाह तथा न्यायाधीश साकेत जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम की उप-थीम ''न बाल विवाह, न बाल शोषण'' के तहत बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल शोषण की पहचान, कानूनी अधिकारों एवं संरक्षण के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के शोषण अथवा प्रताड़ना की स्थिति में चुप न रहकर उचित माध्यम से शिकायत करने और सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर फारूक अहमद सिद्दीकी, कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन विदिशा के प्रतिनिधि सुमित गौर, वन स्टॉप सेंटर से सलोनी एवं विद्यालय संचालक बाबू एंटोनी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में शासकीय सीएम राइज विद्यालय, मंडी में आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश कु. शिवानी श्रीवास्तव एवं फारूक अहमद सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा एवं बाल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम की उप-थीम जागरूक बचपन, सशक्त भारत के तहत बच्चों को शिक्षा के महत्व, अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

सेवानिवृत्ति पर विदाई दी, योगदान को भी सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



शासकीय सेवा में एक तय समयावधि के बाद सेवानिवृत्ति हर अधिकारी- कर्मचारी की होती है, लेकिन इस सेवाकाल की अवधि में कई अधिकारी- कर्मचारी ऐसे भी होते हैं जो अपने व्यवहार और कार्यों के कारण हमेशा के लिए मिसाल बन जाते हैं। ऐसी ही मिसाल बने हैं सीहोर जिले के बुधनी में लोक निर्माण विभाग में पदस्थ अधिकारी शंकरलाल रोहिताश्व। वे 31 अक्टूबर 2026 को अपनी 28 साल की सेवा के बाद सब डिवीजनल ऑफिसर (एसडीओ) के पद से सेवानिवृत हुए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई पार्टियां भी आयोजित की गईं।

सेवानिवृत्ति के अवसर पर जहां विभागीय विदाई बुधनी स्थित लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में दी गई तो वहीं भोपाल में भी उनके परिजनों ने पारिवारिक और मित्रों को शामिल करते हुए विदाई पार्टी का आयोजन किया। एक विदाई समारोह बुधनी विधानसभा के ठेकेदारों द्वारा भी आयोजित किया गया, जिसमें एसएल रोहिताश्व अपने परिवार के साथ शामिल हुए। इस विदाई समारोह में जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के अधिकारी सहित अन्य लोग शामिल हुए। इससे पहले श्री रोहिताश्व डीजे, आतिशबाजी के साथ आयोजन स्थल पर पहुंचे। यहां फूल वर्षा के साथ उनकी अगवानी हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, केक भी काटा गया। उपस्थित लोगों ने माला पहनाकर बधाई, शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने एसएल रोहिताश्व द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को बताया एवं उनके इस योगदान को जमकर सराहा भी गया। यहां बता दें कि शंकरलाल रोहिताश्व वर्ष 1989 में लोक निर्माण विभाग में सेवा में आए। उनकी पहली पोस्टिंग भोपाल मुख्यालय में हुई। इसके बाद वे सागर, रायसेन जिले में भी पदस्थ रहे। वे पिछले करीब 12 वर्षों से बुधनी में पदस्थ थे और यहीं से वे सेवानिवृत्त भी हुए हैं। उनके कार्यकाल में बुधनी विधानसभा में कई सड़कों का निर्माण कराया गया।

बैठक में संगठन की मजबूती व नगरीय निकाय पंचायत चुनाव की तैयारियों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बहुजन समाज पार्टी आष्टा विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि कएडवोकेट कमलेश कुमार, मुख्य जोन प्रभारी बहुजन समाज पार्टी इंदौर-भोपाल जोन उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर के जिला उपाध्यक्ष नवीन भेरवे ने सहभागिता की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी चुनावों की तैयारियों तथा पार्टी की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की। साथ ही कुमारी मायावती जी के जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाने तथा उनके हाथों को मजबूत करने के लिए संगठन की मजबूती एवं आर्थिक सहयोग पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष गोरेलाल बरोलिया ने की। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी आष्टा राधेश्याम अटेरिया एवं एडवोकेट अर्जुन पहरवाल सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कपिल बकोरिया को बहुजन समाज पार्टी आष्टा विधानसभा का सचिव नियुक्त किया गया।

फुटबॉल प्रतियोगिता में एमजी क्लब की जीत, आरएसआई को 1-0 से हराया

सीहोर। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के सातवें दिन एमजी क्लब और आरएसआई के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन मैच के अंतिम क्षणों में एमजी क्लब के विदित ने गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिला दी। मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच गेंद पर नियंत्रण बनाने और गोल करने के लिए लगातार संघर्ष देखने को मिला। मुकाबला अंतिम समय तक रोमांचक बना रहा। इसी बीच विदित ने अवसर का लाभ उठाते हुए निर्णायक गोल किया और एमजी क्लब को जीत दिलाई। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ पत्रकार बलजीत सिंह ठाकुर चर्च मैदान पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के खेल की सराहना करते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला फुटबाल संघ के सचिव आनंद उपाध्याय, दीपक बाथम, मनोज अहिरवार, मनोज दीक्षित मामा, राजा शर्मा और फुटबाल प्रशिक्षक सुयश कनौजिया सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न टीमें हिस्सा ले रही हैं और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत सीहोर बाइज और सीहोर क्लब के बीच मुकाबला शाम 4 बजे से खेला जाएगा।

छोटे व्यापारियों को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की बड़ी सौगात

सड़क किनारे दुकान लगाने वालों से नहीं ली जाएगी बैठकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दीपावली के पावन पर्व को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के छोटे व्यापारियों और फुटपाथ पर दीपावली का सामान बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले लोगों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल की है।

नगर पालिका अध्यक्ष ने दीपावली के अवसर पर सड़क किनारे और निर्धारित स्थानों पर दीपावली का सामान बेचने वाले छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत दीपावली का सामान बेचने वाले छोटे व्यापारियों से त्योहार के दौरान बैठकी शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे उन छोटे व्यापारियों को आर्थिक राहत मिलेगी, जो दीपावली के अवसर पर मिट्टी के दीपक, सजावटी सामग्री, पूजन सामग्री, फूल-माला, रंगोली सहित अन्य आवश्यक सामान बेचकर अपनी आजीविका चलाते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि दीपावली खुशियों, उल्लास और आपसी प्रेम का पर्व है। यह त्योहार हर वर्ग के जीवन में खुशियां लेकर आए, यही हमारा प्रयास है। छोटे व्यापारी हमारी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दीपावली के अवसर पर ये व्यापारी दिन-रात मेहनत कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में नगर पालिका का दायित्व है कि उन्हें त्योहार के समय आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर शहर में बड़ी संख्या में छोटे व्यापारी सड़क किनारे बैठकर पूजन सामग्री और त्योहार से जुड़ी अन्य वस्तुओं का विक्रय करते हैं। इन व्यापारियों को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा यह पहल की गई है, ताकि वे बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक बोझ के अपना व्यापार कर सकें और परिवार के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मना सकें। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि छोटे व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनके परिवारों की खुशियों में सहभागी बनना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका शहर के विकास के साथ-साथ आम नागरिकों और छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। दीपावली के अवसर पर छोटे व्यापारियों को राहत देने का यह निर्णय जनहित में लिया गया है। नगर पालिका का प्रयास है कि त्योहार के समय किसी भी छोटे व्यापारी को अनावश्यक आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस पहल से दीपावली का सामान बेचने वाले छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी और वे त्योहार के दौरान उत्साह के साथ अपना व्यापार कर सकेंगे। यह पहल छोटे व्यापारियों के प्रति नगर पालिका की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

पंजीयन कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश

सीहोर। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण परिवारों को उनके आवासीय अधिकारों का विधिवत पंजीकृत अभिलेख उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा विशेष पहल की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी राजस्व अधिकारियों को शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। शासन के निर्देशानुसार आगामी धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रदेश के मंत्री, सांसद एवं विधायक अपने पैतृक गांव अथवा अपनी पसंद के किसी एक गांव में उपस्थित होकर योजना के तहत पात्र परिवारों के स्वामित्व दस्तावेजों का शत-प्रतिशत पंजीयन अपनी मौजूदगी में पूर्ण कराएंगे।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर
जिला- सीहोर (म.प्र.)
email-awmseh@gmail.com

क्रमांक / मंडी/स्टोर/2026-27/2029 सीहोर दिनांक 3/11/2026

-: **निविदा आमत्रंण सूचना** :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर के अंतर्गत शासकीय संस्थाओं हेतु निविदाए। ऑनलाईन आंमत्रित कि जाती है ऑनलाईन निविदा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 03/11/2026 समय प्रातः 11 बजे से अंतिम दिनांक 18/11/2026 समय दोपहर 01 बजे तक जेम पोर्टल के माध्यम से भाग लिया जा सकता है। विस्तृत जानकारी / शर्ते पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदा क्र. Gem /2026/B/8233033

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर
जिला सीहोर (म.प्र.)

इंजीनियर की समझाइश के बाद भी ठेकेदार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं

अमानक सामग्री से उप स्वास्थ्य का केंद्र निर्माण, डस्ट से चुनाई के बाद तराई भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़



तहसील की सराना पंचायत के ग्राम अम्बेडकर नगर में करीब 55 लाख रुपये की लागत से चल रहे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इस बिल्डिंग के निर्माण में ठेकेदार जमकर लापरवाही बरतते हुए घटिया निर्माण कर रहा है। जिसको लेकर विभागीय तौर पर फिलहाल कोई कार्यवाही देखने को नही मिली है। दरअसल, इस बिल्डिंग निर्माण में एम सेंट की जगह गुणवत्ताहीन डस्ट का जमकर उपयोग किया जा रहा है। यहां ईंट की चुनाई तक इसी डस्ट भरी एम सेंट से की जा रही है। जबसे भवन निर्माण का काम चल रहा है, यहां नियमित रुप से पानी की तराई भी नही की जा रही है। छत के बीम कालम ओर दीवारों के बीच भी काफी गेप देखने को मिल रहा है। वही ईंट ओर बालू रेत भी घटिया क्वालिटी की उपयोग में लाई जा रही है। दिखाने को ठेकेदार ने मौके पर बालू रेत डलवा रखी है लेकिन इसका उपयोग न के बराबर हो रहा है। जिसकी वजह से लाखो रुपये की लागत से बन रही बिल्डिंग की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की जरूरत है।

नोटिस थमाने के बाद भी नहीं हुआ सुधार

इस बिल्डिंग निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत ग्राम सरपंच भी विभागीय तौर पर कर चुके है। जिसके बाद विभाग की इंजीनियर लगातार निरीक्षण करने भी पहुची, यही नही उन्होंने ठेकेदार को घटिया निर्माण के लिए नोटिस भी जारी किया लेकिन ठेकेदार की कार्यप्रणाली में कोई सुधार देखने को नही मिला। फिलहाल भवन निर्माण में घटिया सामग्री और लापरवाही पूर्वक चल रहे निर्माण को आसानी से देखा जा सकता है। सवाल यही है कि इंजीनियर के निरीक्षण ओर नोटिस दिए जाने के बावजूद आखिरकार इस तरह का घटिया निर्माण किसकी शह पर किया जा रहा है। फिलहाल जिम्मेदार ग्रामीणों ने भी इस भवन निर्माण के कामो को आड़े हाथ लेते हुए यहां कारईवाई की मांग की है।

घटिया निर्माण के मामलों में नही होती कार्रवाई

तहसील में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी खेड़ी, लसुडलिया हाजी, सोनकच्छ सहित अन्य स्थानों पर बन रहे भवन निर्माण में भी इसी तरह की लापरवाही देखने को मिली थी। जिनकी शिकायते भी हुई लेकिन विभागीय तौर पर मामलो में कोई कार्रवाई देखने को नही मिली, ठेकेदार गड़बड़ी कर निर्माण कार्यो को पूरा कर गए। जिसे देखकर लगता है कि कही न कही इन घटिया निर्माण को विभागीय जिम्मेदारो ने भी अपनी मौन स्वीकृति दे रखी है।

इनका कहना है...

ठेकेदार को नोटिस दिया है, कुछ काम में जो तकनीकी गड़बड़ियां थी उसमें सुधार के लिए भी ठेकेदार को निर्देशित किया है। लगातार विजिट भी कर रहे है, फिर भी गड़बड़ी है तो जल्द ही जांच कर कार्रवाई करेंगे।
भावना दांगी, इंजीनियर स्वास्थ्य विभाग राजगढ़

विद्यालय जाते समय सड़क हादसा

कार का गेट खुलने पर संतुलन बिगड़ने से अतिथि शिक्षक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



शिक्षा जगत के लिए बुधवार सुबह बेहद दुखद खबर सामने आई। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा जागीर में अतिथि शिक्षक वर्ग-2 (सामाजिक विज्ञान) के पद पर कार्यरत रामबाबू वर्मा पिता रूपालाल (45 वर्ष), निवासी ग्राम लसूडल्या जागीर, की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वे बुधवार सुबह रोजाना की तरह बाइक से विद्यालय जा रहे थे, तभी बोड़ा के समीप यह हृदयविदारक हादसा हो गया।

कार का गेट खुलते ही बिगड़ा संतुलन, ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आए शिक्षक- जानकारी के मुताबिक शिक्षक रामबाबू वर्मा सुबह 09.40 बजे बोड़ा में सड़क से गुजर रहे थे, तभी उनके आगे चल रही एक कार धीमी होकर रुकी। इसी दौरान कार में सवार व्यक्ति ने उतरने के लिए जैसे ही गेट खोला, बाइक से आ रहे रामबाबू वर्मा कार के खुले गेट से टकरा गए और सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली उन्हें रौंदते हुए निकल गई। हादसा इतना गंभीर था कि शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर आवश्यक कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, पुलिस ने जांच में लिया-हादसे से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने घटना के सीसीटीवी फुटेज को जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है।

ढाबों और दुकानों से 41.52 लीटर अवैध शराब की जब्त

मंदसौर। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्व विभाग कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार शामगढ़ व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शामगढ़ क्षेत्र में विभिन्न ढाबो व दुकानों की तलाशी ली गई। जिसके तहत हरिपुरा फ़ंटा में स्थित जय माता दी ढाबे की तलाशी लेने पर श्यामसिंह पिता तेरसिंह राजपूत से 46 बियर केन, 26 पाव देशी प्लेन, 5 पाव देशी मसाला व 8 बोतल अवैध मदिरा जप्त की। इसी क्रम में ग्राम देवरी में स्थित एक गुमटी की तलाशी लेने पर नरेंद्रसिंह पिता गोपाल सिंह राजपूत से 43 पाव देशी प्लेन अवैध मदिरा जप्त की गई। 41.52 लीटर मदिरा जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने और आमजन को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को वन स्टॉप सेंटर मंदसौर द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह नहीं करने और अपने आसपास भी कहीं बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि यदि कहीं बाल विवाह की जानकारी मिलती है तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 अथवा पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते बाल विवाह को रोका जा सके। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना है।

अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए

कांग्रेसजनों ने अर्जुन सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि दी, श्रद्धासुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़



ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी शामगढ़ द्वारा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा प्रदेश के विकास एवं जनसेवा में उनके योगदान का स्मरण किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामगढ़ पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए गए तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष किशोर सिंह पंवार, शहर अध्यक्ष डॉ.शौकत मंसूरी, सुल्तान सिंह गुर्जर, पंकज मुजावदिया, मेहन्द्र पोरवाल, प्रमोद फरक्या, दशरथ राठौर, बबलू मेव, श्यामदास बैरागी, राऊफ पठान, निलेश संघवी, कन्हैयालाल सिसोदिया, रईस अब्बासी, शाज़िया खान, जगदीश मेहता, गोपाल सामेरिया, जगदीश परमार, बालाराम मेहर, रेखा भार्गव, मुकेश टांक, महेश जोशी सहित कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मंदसौर की काव्या काला का टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर में चयन

मध्य प्रदेश से चयनित होने वाली एकमात्र खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर की प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी काव्या काला ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन झारखंड के जमशेदपुर स्थित टाटा हॉकी अकादमी के हाई लेवल ट्रेनिंग सेंटर के लिए हुआ है। इस चयन के साथ ही काव्या ने मंदसौर सहित पूरे मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। विशेष बात यह है कि इस अकादमी के लिए मध्य प्रदेश से चयनित होने वाली काव्या एकमात्र खिलाड़ी हैं। राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय स्तर की महिला हॉकी खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से टाटा द्वारा जमशेदपुर में हाई लेवल ट्रेनिंग सेंटर शुरू किया गया है। इस अकादमी में खिलाड़ियों के चयन के लिए टाटा की टीम ने देशभर में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की तलाश करते हुए चयन प्रक्रिया आयोजित की। इसमें झारखंड के अलावा देश के विभिन्न राज्यों से 13 नवोदित खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनमें मंदसौर की काव्या काला भी शामिल हैं। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी ओ.पी. हरोड ने दी। उन्होंने बताया कि काव्या मंदसौर में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित फीडर सेंटर व केंद्र शासन द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर की नियमित सदस्य रही है। वह कई बार राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी है।

माइक्रो इरिगेशन का रकबा बढ़ाने पंजीकृत किसानों से संपर्क कर स्प्रिंकलर व ड्रिप सिंचाई अपनाने प्रेरित करें

जिले में लहसुन का रकबा बढ़ाने के लिए अधिक संभावनाओं वाले किसानों की सूची तैयार की जाना चाहिए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले में सूक्ष्म सिंचाई (माइक्रो इरिगेशन) के रकबे में वृद्धि करने तथा किसानों को आधुनिक सिंचाई पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत पीएमसी घटक में स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई पद्धति के लिए पंजीकृत किसानों से विभागीय अमला व्यक्तिगत रूप से संपर्क करे। इसके लिए उद्यानिकी एवं कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारियों तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की जाए। टीम पंजीकृत किसानों से संपर्क कर उन्हें योजनांतर्गत उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लेने तथा स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई उपकरण अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों के लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने के प्रयास किए जाएं, ताकि जिले में माइक्रो इरिगेशन का रकबा बढ़ाया जा सके।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले में लहसुन का रकबा बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लहसुन की खेती के विस्तार की संभावनाओं वाले किसानों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की जाए तथा ऐसे किसानों से संपर्क कर उन्हें लहसुन की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के लिए मैदानी स्तर पर सक्रियता से कार्य करें तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत सिंचाई पद्धतियों को अपनाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें।

सुरक्षित बचपन अभियान अंतर्गत बाल सृजन प्रदर्शनी नुक्कड़ नाटक एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सुरक्षित बचपन अभियान का गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में बाल सृजन प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर अनीष कुमार मिश्रा तथा प्रिया शर्मा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मंदसौर, मनोज कुमार तिवारी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह पवार, समस्त न्यायाधीशगण एवं एनसीसी छात्र छात्राएं, अधिवक्तागण, पीएलवी उपस्थित रहे।

उक्त प्रदर्शनी में 'अपना घर' में निवासरत छात्राओं द्वारा अपने हाथों से निर्मित दीपों को आकर्षक रंगों एवं विभिन्न डिजाइनों से सजाकर प्रदर्शित किया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा निर्मित दीपों एवं हस्त निर्मित सामग्री का विक्रय भी किया गया। इसके अतिरिक्त सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत आयोजित चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गई रचनाओं को भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। इस पहल के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता एवं प्रतिभा को प्रोत्साहन प्रदान किया गया। इसके साथ ही सांदीपनि विद्यालय, साबाखेड़ा में श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से बाल शोषण से बचाव के उपायों, बच्चों के अधिकारों तथा उनके संरक्षण हेतु उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी रोचक एवं प्रभावी ढंग से दी गई।

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला कोषालय मंदसौर के तत्वावधान में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुनील डावर द्वारा जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के कार्यालयीन उत्तरदायित्व एवं कऋटकर सॉफ्टवेयर अंतर्गत प्रक्रियागत ज्ञान, वित्तीय अधिकार शक्ति पुस्तिका, कोषालय संहिता, कोषालय में देयक प्रस्तुतीकरण, कऋटकर सॉफ्टवेयर पर रिपोर्ट्स, डीडीओ स्तर पर बरती जाने वाली सावधानियां, तकनीकी समस्याओं का नियमानुसार समाधान आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं कोषालय सॉफ्टवेयर से संबंधित विभिन्न समस्याओं का भी तत्समय समाधान किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यशाला में किसानों के साथ-साथ उद्यमी भी आए

जिले के किसान खेती के साथ उद्यमी भी बनेंगे, क्लस्टर बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



जिले के किसानों को खेती के साथ उद्यमी भी बनाने के लिए कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा अभिनव पहल की गई है। किसानों के लिए नियोजित ढंग से कार्य योजना तैयार करके विभिन्न विभागों द्वारा जिले में काम किया जा रहा है। इस पहल के तहत जिले के किसानों के क्लस्टर बनाए गए हैं। फसलवार बनाए गए क्लस्टर अंतर्गत किसानों के सहकारी संगठन मिलजुल कर काम करेंगे। अपनी संयुक्त प्रसंस्करण इकाई के माध्यम से प्रसंस्करण उद्योग यूनिट लगाकर फसल उत्पाद बेचने का कार्य करेंगे। जिससे वह अधिक मुनाफा कमा सकेंगे।

इस सिलसिले में कार्यशाला कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित की गई। जिसमें किसानों के साथ-साथ वे उद्यमी भी आए थे जिनके द्वारा फसलों पर आधारित उद्योग स्थापित किए गए हैं। उपज से उद्यम अभियान के अंतर्गत जिले के किसानों द्वारा फसल उत्पादित की जाएगी। साथ ही उसे फसल को प्रसंस्करण करके अधिक मुनाफा कमाया जाएगा।

कलेक्टर ने कार्यशाला में कहा की जिले के किसान अब तक अपने द्वारा विभिन्न फसलों का उत्पादन करके उसे मात्र मंडी अथवा दिल्ली, जयपुर आदि स्थानों पर भेजते रहे हैं। परंतु अब उससे आगे बढ़कर जिले के किसान शासन की योजनाओं की मदद से उद्यम लगाएंगे। किसान अपनी मूंगफली, तिल, अलसी से तेल निकाल कर बेचने के लिए ऑयल प्लांट लगाएंगे। संतरे को न केवल बेचेंगे बल्कि उसका जूस तैयार करेंगे, उसका जेम, उसका स्क्वाश तैयार करेंगे। अमरूद उगा कर उसको बेचने के साथ जेम बनाने की यूनिट भी लगाएंगे।

कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि जिले में फसलवार बनाए गए क्लस्टर के अंतर्गत मूंगफली के पांच क्लस्टर बनाए गए हैं। यह क्लस्टर उन्ही स्थानो पर बनाए गए हैं जहां ज्यादा मूंगफली उत्पादन होता है। इसी प्रकार भानपुरा क्षेत्र में पान के क्लस्टर बनाए गए हैं। साथ में अमरूद तथा अन्य फसलों के भी क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि ऑर्गेनिक फसलों के उत्पादन के साथ ब्रांड बनाया जाकर जिले का लोगो भी बनाया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के सहकारी संगठन अपना प्लांट लगाकर प्रसंस्करण उत्पाद तैयार करेंगे। उनको होलसेल तथा रिटेल में बेच सकेंगे जिससे और अधिक मुनाफा कमाया जा सकेगा। कार्यशाला में धनिया क्लस्टर, मिल्क क्लस्टर, ऑरेंज क्लस्टर, गार्लिक क्लस्टर पर जानकारी दी गई। अधिकारियों तथा विशेषज्ञों द्वारा किसानों को सलाह दी गई। फसल बेचने पर मिलने वाली राशि तथा उसके प्रसंस्करण उत्पाद तैयार कर बेचने पर मिलने वाली राशि और मुनाफे की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. कपिलेश दवे द्वारा मेडिशनल प्लांट की खेती एवं उनसे होने वाले मुनाफे के बारे में बताया गया। उनके द्वारा तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि किसी एक औषधि खेती पर फोकस नहीं करें बल्कि विभिन्न प्रकार के औषधि पौधों की खेती करें ताकि अच्छी कीमत मिल सके घाटा नहीं हो। औषधीय पौधों की गुणवत्ता के लिए आवश्यक है कि शुद्ध आर्गेनिक खेती करे रसायन का छिड़काव नहीं किया जाए।

कार्यशाला में जिले के भानपुरा क्षेत्र के बोरडा ग्राम तथा आसपास के गांव में अधिक मात्रा में की जा रही धनिया की खेती तथा धनिया की ग्रेडिंग के बारे में बताया गया कि किस प्रकार ग्रेडिंग द्वारा अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है।

खबर संक्षेप

30 से मिलेगा निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

सीहोर। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत जनसामान्य के लिए 'प्रोजेक्ट कोड' के तहत निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 नवंबर से शुरू होगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 28 नवंबर तक महाविद्यालय में पंजीयन करा सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को कंप्यूटर एवं डिजिटल तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान देना तथा डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और रोजगार की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को कंप्यूटर एवं इंटरनेट संबंधी कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रवेश स्थान की उपलब्धता के आधार पर दिया जाएगा। अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए महाविद्यालय के नोडल अधिकारी इंजीनियर विश्वास बगवैया से मोबाइल नंबर 9827220431 पर संपर्क किया जा सकता है।

स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन

सीहोर। त्योहारों और उत्सवों के दौरान पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की रोकथाम के लिए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जनों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

तपोभूमि देव बड़ला में पुरातत्व विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

10 साल की विकास योजना तैयारः पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था पर की चर्चा

संयुक्त संचालक ने कहा, तीन साल से रुके हुए काम को दी जाएगी गति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल और पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला बीलपान में संचालनालय पुरातत्व की टीम ने निरीक्षण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत ने बताया कि संचालनालय पुरातत्व की टीम ने देव बड़ला का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दल में डॉ. मनीषा शर्मा संयुक्त संचालक, डॉ. रमेश यादव सलाहकार, एस.के. नामदेव असिस्टेंट इंजीनियर, राजेश सुमन असिस्टेंट इंजीनियर पर्यटन विभाग, डॉ. धुरवेंद्र सिंह जोधा शोध अधिकारी पुरातत्व विभाग शामिल थे। स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि डॉ. मनीषा शर्मा संयुक्त संचालक ने कहा कि तीन साल से रुके हुए काम को अतिशीघ्र गति दी जाएगी।

आगे भविष्य में जो काम 10 साल में होने वाले हैं, उनकी एक समग्र योजना तैयार की जा रही है। डॉ. रमेश यादव सलाहकार ने कहा कि 10 साल में क्या-क्या काम होने हैं, विशेषकर परिसर में विकास कार्य, जिसमें दोनों तरफ के प्रवेश द्वारों को सुरक्षित करने के लिए गेट लगाए जाना, परिसर के अंदर की रिटेनिंग वॉल, बाहर की रिटेनिंग वॉल, लाइट की व्यवस्था, बोरिंग की व्यवस्था ये सब विकास कार्य जल्दी ही करवाए जाएंगे। ये सब काम फर्स्ट स्टेप के काम हैं। उसके बाद दूसरे चरण के काम में मंदिर क्रमांक तीन और मंदिर क्रमांक चार का पुनर्निर्माण शुरू करना, घाटी में स्थित दोनों पहाड़ियों के बीच में एक स्टाफ डैम है जिसको फिर से तैयार करवाना, पीछे के हिस्से में जो मंदिर हैं उनको व्यवस्थित करवाना एवं श्री राम मंदिर के साइड में जो एक प्राचीन मंदिर की दीवार है, उसकी भी आगे भविष्य में सफाई करना, ये सभी काम शामिल हैं जो अगले 10 साल में किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान टीम ने पूरे परिसर का बारीकी से अवलोकन किया। प्राचीन मंदिरों की वर्तमान स्थिति, संरक्षण की आवश्यकता, पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। मंदिर समिति के सदस्यों ने टीम को देव बड़ला के ऐतिहासिक महत्व, मां नेवज के उद्गम स्थल और तपोभूमि के रूप में इसकी धार्मिक मान्यता के बारे में जानकारी दी।स्थानीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने भी टीम के सामने अपनी मांगें रखीं।

उन्होंने कहा कि देव बड़ला केवल एक पुरातात्विक स्थल नहीं, बल्कि आस्था का बड़ा केंद्र है। यहां हर साल हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में यहां पेयजल, प्रकाश, रास्ता, सुरक्षा और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार बेहद जरूरी है।टीम ने आश्वासन दिया कि देव बड़ला को राज्य के प्रमुख पुरातात्विक और धार्मिक पर्यटन स्थलों में विकसित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। पहले चरण में रुके हुए कार्यों को पूरा कर परिसर को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जाएगा। दूसरे चरण में प्राचीन मंदिरों के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण पर ध्यान दिया जाएगा।निरीक्षण के बाद मंदिर समिति और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि अब तीन साल से अटका विकास फिर से रफ्तार पकड़ेगा और देव बड़ला को उसकी ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान के अनुरूप भव्य स्वरूप मिलेगा।



लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल हुए हजारों कार्यकर्ता

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर भोपाल में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत आज 4 नवंबर को आयोजित विशाल पदयात्रा में आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलो,नपा आष्टा एवं नप जावर व कोठरी से हजारों कार्यकर्ता अनेकों बसों,कारो में सवार हो कर भोपाल पहुचे ओर आयोजित लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल हुए । आयोजित उक्त पदयात्रा आज 4 नवंबर को प्रातः 10 बजे अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा, टीटी नगर से प्रारंभ होकर रोशनपुरा तक पहुंची। यहा केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,मप्र भाजपा के अध्यक्ष श्री हेमन्त खंडेलवाल सहित अन्य वक्ताओं ने पूरे देश मे कांग्रेस सहित अन्य दल जो देश मे वोट चोरी के नाम पर भ्रम फैला रहे है,देश मे एक तरह से जो अराजकता का माहौल बना रहे है उससे देश के नागरिको से सतर्क रहने,एवं कांग्रेस द्वारा जो झूठ ओर भ्रम फैलाया जा रहा है,उसको लेकर देश की जनता को भी आगे आ कर जवाब देने का आव्हान किया गया । आज प्रातः आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलो जावर, डोडी, मैना, कोठरी, आष्टा नगर, ग्रामीण, सिद्दिकगंज, खाचरौद एवं नगर पालिका आष्टा,नगर परिषद जावर कोठरी,से हजारों कार्यकर्ता लगाई गई बसों,व अन्य छोटे निजी वाहनो से भोपाल के लिये रवाना हुए। भोपाल जा रहे सभी कार्यकर्ताओं के लिये सभी गाड़ियों में सवार कार्यकर्ताओ को पैकेट उपलब्ध कराये गये।

दीपावली के चलते मंडी में 12 नवंबर तक नीलामी कार्य रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली का पावन पर्व उन्नतिशील फल-सब्जी, लहसुन-प्याज व्यापारी संगठन द्वारा बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। दीपावली पर्व एवं महालक्ष्मी पूजन के अवसर पर मंडी में दिनांक 5 नवंबर से 12 नवंबर 2026 तक नीलामी कार्य का अवकाश रहेगा।इस संबंध में उन्नतिशील फल-सब्जी, लहसुन-प्याज व्यापारी संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा (पूर्व पार्षद) ने कृषि उपज मंडी समिति के सचिव शनरेंद्र मेश्राम को लिखित आवेदन सौंपकर अवकाश की जानकारी दी है। आवेदन के माध्यम से मंडी सचिव से आग्रह किया गया है कि निर्धारित अवधि में मंडी नीलामी कार्य का अवकाश घोषित कर मंडी प्रांगण में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से किसान भाइयों को समय रहते अवकाश की सूचना प्रसारित करवाई जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज लेकर मंडी आने पर किसी प्रकार की असुविधा न हो।व्यापारी संगठन अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने समस्त किसान भाइयों एवं व्यापारी बंधुओं को दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि दीपावली अवकाश समाप्त होने के पश्चात 13 नवंबर 2026 को दीपावली के शुभ मुहूर्त में मंडी नीलामी कार्य पुनः प्रारंभ होगा। अतः सभी किसान भाई अधिक से अधिक संख्या में अपनी लहसुन, प्याज एवं अन्य कृषि उपज लेकर मंडी पहुंचें और शुभ मुहूर्त में नीलामी कार्य में सहभागिता करें।व्यापारी संगठन ने सभी किसान भाइयों एवं व्यापारी बंधुओं से दीपावली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे एवं खुशियों के साथ मनाने की अपील करते हुए एक बार पुनः सभी को दीपावली पर्व की मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, 8 प्रकरण दर्ज



सीहोर। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाकर 8 प्रकरण दर्ज किए हैं। कार्रवाई में 25 लीटर कच्ची शराब, 210 किलोग्राम महुआ लाहन, 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 21 पाव विदेशी शराब, 10 पाव देशी शराब और 9 बल्क लीटर बीयर जब्त की गई। जब्त सामग्री का बाजार मूल्य 36 हजार 270 रुपए आंका गया है। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर सीहोर वृत्त के ग्राम दिवड़िया और झरखेड़ा में दबिश देकर दो प्रकरण दर्ज किए गए तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं बुधनी, भैरूंदा के ग्राम खोआ, समनापुर और बकतरा में कार्रवाई कर छह प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो आरोपी फरार हैं। सभी आठ प्रकरणों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। जब्त मदिरा को सीलबंद कर कब्जे में लिया गया तथा महुआ लाहन का सेम्पल लेकर मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई में आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीत नायक, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, रिया जैन, मुख्य आरक्षक ललित गीते, आबकारी आरक्षक आकाश कोरी, सत्यवान वर्मा, रामसखी एवं नगर सैनिकों का सराहनीय योगदान रहा।

व्यावसायिक उपयोग करने वाले 10 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई, 12 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त



सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सीहोर तहसीलदार अमित सिंह एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने सीहोर नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भोजनालयों एवं होटलों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाया गया। इस पर द्रवित पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण विनियमन) अधिनियम, 2000 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 10 प्रतिष्ठानों से 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नियमों के विरुद्ध है। इस प्रकार के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए जिले में होटल, भोजनालयों एवं अन्य प्रतिष्ठानों की जांच और कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

आशा कार्यकर्ता की सजगता से सुरक्षित हुआ मां और नवजात का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्वास्थ्य सेवाओं में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल गर्भवती महिलाओं का पंजीयन और स्वास्थ्य जांच कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उनकी सजगता और तत्परता मां और बच्चे के जीवन की रक्षा में भी महत्वपूर्ण साबित होती है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी इछावर विकासखंड के ग्राम बिशनखेड़ी की है, जहां आशा कार्यकर्ता सीमा सूर्यवंशी की सूझबूझ और जिम्मेदारी से एक उच्च जोखिम गर्भावस्था का सुरक्षित प्रसव संभव हो सका। ग्राम बिशनखेड़ी निवासी सुगन बाई की गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच में उनका बीपी लगातार बढ़ा हुआ पाया गया।

इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला के रूप में चिन्हित किया गया। ऐसे में गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक था। इस चुनौतीपूर्ण समय में आशा कार्यकर्ता सीमा सूर्यवंशी ने अपनी जिम्मेदारी पूरी सजगता से निभाई। उन्होंने गर्भवती महिला का नियमित फॉलोअप किया, समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया और उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। प्रसव का समय आने पर वे सुगन बाई को लेकर सिविल अस्पताल इछावर पहुंचीं। चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला की स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्था में रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने स्पष्ट किया कि प्रसव में देरी करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए सीमा सूर्यवंशी ने बिना समय गंवाए गर्भवती महिला को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्था पहुंचाने में तत्परता दिखाई। वहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराया गया। समय पर उपचार और उचित चिकित्सकीय देखभाल के चलते आज मां और नवजात शिशु दोनों स्वस्थ हैं। यह कहानी बताती है कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सतत निगरानी और समय पर सही निर्णय कितना महत्वपूर्ण होता है। आशा कार्यकर्ता सीमा सूर्यवंशी की सजगता, समर्पण और मानवीय संवेदनशीलता ने एक परिवार की खुशियां सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई।

इछावर ने आशढ को 2-1 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के छठे दिन आशढ़ एवं इछावर की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच के मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर थीं।

मध्यांतर के बाद इछावर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 61वें मिनट में गोल कर बढ़त बनाई। इसके बाद इछावर की टीम ने 85वें मिनट में एक और गोल दागकर मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। आज के मैच के अतिथि जिला फुटबॉल संघ के वरिष्ठ गोलकीपर अरुण राठौर रहे।

उन्होंने मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। मैच में इछावर की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल और टीम भावना का परिचय देते हुए शानदार विजय हासिल की।

दुष्प्रचार कर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वालों पर हो कार्रवाईः घनश्याम यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



करेरा, उत्तर प्रदेश में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण की तुलना के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में कथित रूप से दिए गए आपत्तिजनक एवं भड़काऊ वक्तव्य के विरोध में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा जिला सीहोर ने थाना कोतवाली पहुंचकर शिकायत आवेदन सौंपा। समाजजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित के विरुद्ध प्रचलित कानून के अनुसार कार्रवाई एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा जिला सीहोर के अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में यादव समाज के सदस्य थाना कोतवाली पहुंचे। शिकायत आवेदन में बताया गया कि करेरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण की तुलना करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में कथित रूप से ऐसे शब्दों एवं वक्तव्यों का प्रयोग किया गया, जिससे यादव समाज सहित भगवान श्रीकृष्ण में आस्था रखने वाले करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। समाजजनों ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल यादव समाज ही नहीं, बल्कि देश और विश्व के करोड़ों लोगों की आस्था एवं श्रद्धा के केंद्र हैं।

उनके संबंध में किसी भी प्रकार की अपमानजनक अथवा भड़काऊ टिप्पणी से धार्मिक एवं सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस घटना को लेकर यादव समाज में गहरा रोष व्याप्त है। यादव समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे संविधान एवं कानून में पूर्ण विश्वास रखते हुए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से संबंधित वक्तव्य एवं उपलब्ध वीडियो सहित अन्य साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई करने तथा भविष्य में इस प्रकार के वक्तव्यों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उमेश यादव, गेंदालाल यादव, धर्मेंद्र यादव, गब्बर पहलवान, तारा यादव, गोपाल यादव, रमेश यादव, सूरज यादव, चुन्नीलाल यादव, सुनील यादव, नीरज यादव, लक्ष्मण यादव एवं विजय यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाजजन उपस्थित रहे।

मेरा युवा भारत द्वारा जिला स्तरीय युवा संसद का किया आयोजन

'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विषय पर युवाओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



युवाओं में लोकतांत्रिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता एवं संसदीय कार्यप्रणाली की समझ विकसित करने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत, सीहोर द्वारा जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव रहा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा, इसके संभावित लाभ, चुनौतियों तथा भारतीय लोकतंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।युवा संसद के दौरान प्रतिभागियों ने चुनावी खर्च, प्रशासनिक संसाधनों, संघीय व्यवस्था, राज्यों की स्वायत्तता एवं संवैधानिक प्रावधानों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। युवाओं ने संसदीय बहस एवं विचार-विमर्श के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त किया। युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, सीहोर,प्रशांका जैन, ने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने, जागरूक नागरिक बनने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था से जोड़ना तथा उनमें नेतृत्व, संवाद एवं तार्किक विचार-विमर्श की क्षमता विकसित करना रहा।